सर्वेक्षण कार्य के पूरा हो जाने पर इस वर्ष के निर्माण कार्यक्रम में सम्मिलित किया जाएगा ;

(ख) यदि हां, तो निर्माण कार्य के कब शुरू किए जाने की सम्भावना है; ग्रौर

(ग) यदि नहीं, तो इस मामले में क्या कठिनाइयां हैं ?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (ग). प्रारम्भिक इंजीनियरी-एवम् यातायात सर्वेक्षण का काम ग्रभी चल रहा है ग्रौर इस सर्वेक्षण को 30 जून, 1981 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । इसके बारे में निर्णय सर्वेक्षण रिपोर्ट के प्राप्त होने ग्रौर उसका मूल्यांकन कर लेने के बाद ही किया जा सकता है ।

109/110 लखनऊ-मानिकपुर एक्सप्रेस ट्रेन के समय में परिवर्तन का प्रस्ताव

1440. श्री रामा नाथ दुबे : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार 109 / 110 लखनऊ-मानिकपुर एक्सप्रेस ट्रेन के समय में परिवर्तन के किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है ;

(ख) क्या इस सम्बन्ध में गत छः महीनों से रेलवे प्रशासन को ग्रभ्यावेदन भेजे जाते रहे हैं, लेकिन न तो प्रशासन से कोई जवाब ही मिला है ग्रौर न कोई कार्यवाही ही की जा रही है; ग्रौर

(ग) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में कोई कार्यवाही न किए जाने के कारण क्या हैं ?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी नहीं ।

(ख) ग्रौर (ग). जी हां । 109/110 लखनऊ-मनिकपुर चित्रकूट एक्सप्रेस के समय परिवर्तन के सम्बन्ध में ग्रभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं ग्रौर उनकी जांच की गई है । चूंकि गाड़ी के वर्तमान समय को उन यात्रियों के लिए ग्रधिक सुविधाजनक पाया गया है जो लखनऊ, उन्नाव ग्रौर कानपुर की तरफ से कचहरी जाते हैं ग्रौर उसी दिन वापिस लौट ग्राते हैं । ग्रतः गाड़ी के समय में परिवर्तन करना वांछनीय नहीं पाया गया है । इसके ग्रतिरिक्त मनिकपुर में पर्याप्त टर्मिनल सुविधाएं न होने के कारण ऐसा करना परिचालनिक दृष्टि से व्यावहारिक भी नहीं पाया गया है ।

महू–इन्दौर लाइन

1441. श्री फूल चन्द वर्मा : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार महु (मध्य प्रदेश) को इन्दौर के साथ ब्राडगेज रेल लाइन से जोड़ने का है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस सम्बन्ध में क्या कार्रवाई की है ; ग्रौर

(ग) तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी नहीं ।

(ख) ग्रौर (ग). प्रश्न नहीं उठता ।

Appointment of Kampuchean Ambassador

1444. SHRI BHIKU RAM JAIN: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether the First Ambassador designate from Kampuchea has arrived in India;

(b) if so, the details thereof; and